Regarding railway related issues

डॉ. भारतीबेन डी. श्याल (भावनगर): सर, मेरा लोक सभा क्षेत्र भावनगर की दो ब्रॉडगेज लाइनें ? बोटाड और साबरमती, ढेसा और झेतलसर दोनों बन कर तैयार हो गयी हैं, खुद पीएम साहब ने उनका उद्घाटन भी कर दिया है, जो सालों से हमारी मांग थी । लेकिन अभी क्या हो रहा है? यह ब्रॉडगेज कनवर्जन पूरा हो गया है, उद्घाटन भी हो गया है, लेकिन हमारे भावनगर और बोटाड की जो पैसेंजर ट्रेन्स हैं, जो लॉन्ग रूट की हैं, वे अभी भी पुराने रूट से जा रही है, जो लंबा रास्ता, मतलब 30 किलोमीटर ज्यादा लंबा रास्ता ले कर जाती हैं । सारी गुड्स ट्रेन ब्रॉडगेज रूट पर चलती हैं, लेकिन पैसेंजर ट्रेन नहीं चलती हैं । मैं आपके माध्यम से रेलवे मंत्रालय से गुजारिश करती हूँ कि जब ब्रॉडगेज लाइन बन गयी है तो भावनगर और बोटाड की पैसेंजर ट्रेनें ब्रॉडगेज रूट पर चलाई जाएं ।